# मंडीदीप में खुलेआम बेच रहे अबॉर्शन किट

## एक युवती को किट बेचते मेडिकल संचालक का वीडियो वायरल

**मंडीदीप, 23 अगस्त. औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप में औषधी नियंत्रण विभाग की उदासीनता की वजह से प्रतिबंधित दवाई जो बिना विशेषज्ञ डॉक्टर के सलाह के नहीं दी जाने वाली गर्भपात दवाई की गोली बिना लाइसेंस के बेचना जो गैरकानूनी हैं, बावजूद यह जान को जोखिम में डालने वाली गोली बाजार में धड़ल्ले से बिक रही है.**

ताज़ा मामला में मस्जिद के पास गीता मेडिकल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जहां गीता मेडिकल संचालक बिना डॉक्टर पर्चा के एक युवती को 600 रुपये में मेडिकल किट बेच रहा है. साथ ही मेडिकल संचालक वीडियो में साफ कहता दिखाई दे रहा है कि हम किसी से नहीं डरते, हम खुले आम किट बेचते हैं लेकिन सोचने वाली बात तो यह है कि मेडिकल संचालक बिना किसी डर के बेखौफ होकर दोगने दामों में ऑपरेशन किट बेच रहा है.

अब देखने वाली बात होगी की क्षेत्र में चल रहे इस धंधे का भंडाफोड़ करने के बाद भी विभाग मौन रहता है या कार्यवाही के नाम पे खाना पूर्ति करता है?



क्यूंकि जब-जब विभाग को खबरों के माध्यम से शिकायत मिली है तब पूरे मामले पर विभाग खानापूर्ति कर जाँच के नाम से यह बोला जाता है कि टीम मौक़े पर गई तो ऐसा कुछ नहीं पाया. जबकि इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि गर्भपात किट बिना डॉक्टर के परामर्श के सेवन से बिगड़े केस अस्पताल पहुंचते हैं.

जबकि चिकित्सक के बिना परामर्श के दवाई देकर नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं. और इनको प्रशासन का डर बिल्कुल नहीं है. जिससे गर्भ में ही मासूम बच्चों की हत्या हो रही हैं. इस मामले में जब मेडिकल संचालक से बात की तो वह बात करने को तैयार नहीं हुए.

### इनका कहना हैं

बिना किसी डॉक्टर की पर्ची के अबॉर्शन किट बेचना गलत है, मैं संयम जाकर कल जांच करूंगा. वीडियो के आधार पर कार्रवाई भी की जाएगी.
**चंद्रशेखर श्रीवास्तव,** एसडीएम गौहरगंज

किसी भी मेडिकल पर गर्भपात की दवाई रख रहे हैं यह अपराध की श्रेणी में आता है तो विभाग नियम का पालन कर सख्ती से इन पर जल्द कार्रवाई की जाएगी.
**डॉ. एचएन मंडरे,** सीएमएचओ रायसेन

सोचने वाली बात यह है कि एक तरफ जहां बेटियों को बचाने को लेकर सरकार व चिकित्सा विभाग समय-समय पर जागरुकता अभियान चलाते हैं, वहीं दूसरी तरफ इन लोगों के ऐसे कारनामे गर्भ में ही बेटियों को मारने की कवायद पर पर्दा डाल देते हैं. ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि विभिन्न क्षेत्रों के ये लोग दुकान खोलकर लोगों का इलाज तक कर रहे हैं. गर्भपात की दवाई रख रहे हैं, तो विभाग नियम का पालन कर सख्ती से इन पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही?

# श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर अफसरों को प्रशिक्षण

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 23 अगस्त. श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा श्रम कानूनों के प्रवर्तन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं प्रदेश के श्रमिकों की सुरक्षा एवं हितों के संरक्षण के संबंध में दिये गये निर्देशानुसार श्रम विभागीय अधिकारियों और निरीक्षकों तथा औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के अधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाला शनिवार से संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क, भोपाल में प्रारम्भ हुई.**

कार्यशाला में विभिन्न श्रम अधिनियमों के प्रवर्तन, ग्रेच्युटी अधिनियम, उपकर निर्धारण एवं औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया. ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टेण्डर्डस द्वारा श्रमिकों की सुरक्षा से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया.

कार्यशाला का शुभारम्भ श्रम विभाग के सचिव रघुराज राजेन्द्रन तथा श्रमायुक्त रजनी सिंह द्वारा किया गया. इस अवसर पर श्रम विभाग के अपर सचिव बसंत कुर्रे, अपर श्रमायुक्त प्रभात दुबे एवं श्रम विभाग तथा औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न जिलों में पदस्थ उप श्रमायुक्त, सहायक श्रमायुक्त, शासकीय श्रम पदाधिकारी, सहायक श्रम पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में निरीक्षक मौजूद थे. दो दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में उप श्रमायुक्त जासेमिन अली सितारा द्वारा भवन संनिर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 के अंतर्गत उपकर निर्धारण, प्रावधान एवं प्रक्रिया पर प्रशिक्षण दिया गया.

तत्पश्चात उप श्रमायुक्त आशीष पालीवाल द्वारा उपादान भुगतान अधिनियम, 1972 के अंतर्गत ग्रेच्युटी निर्धारण प्रावधान एवं प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया. द्वितीय सत्र में भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टेण्डर्ड द्वारा व्यवसाय जन्य स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली, श्रमिकों की सुरक्षा, निर्माण कार्य में सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण एवं चयन तथा सुरक्षा संबंधी संकेत एवं दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया.

# आगाज विमेंस हैरिटेज कार रैली का शुभारंभ आज से

**भोपाल.** बेगम्स ऑफ भोपाल और सेतु द ब्रिज की ओर से रविवार को आगाज विमेंस हैरिटेज कार रैली का आयोजन किया जा रहा है. यह रैली का चौथा सीजन है. इस बार इसे नशा मुक्त भोपाल और मोबाइल एडिक्शन की थीम पर आयोजित किया जा रहा है. यह जानकारी शनिवार को बेगम्स ऑफ भोपाल की अध्यक्ष रख्शां शमीम जाहिद, बीनू धीर, मीता वाधवा और सेहबा फरहत ने दी. उन्होंने बताया कि इस वर्ष रैली में 40 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं. इनमें जिप्सी, आर्मी व्हीकल और ई-व्हीकल भी शामिल होंगे. खास बात यह है कि इस बार पूरी रैली को ब्लू कलर की थीम पर सजाया गया है. यह थीम नशा और मोबाइल की लत से दूर स्वस्थ जीवन का प्रतीक है.



# मोगली बाल निबंध स्पर्धा हुई

**बैरसिया, 23 अगस्त.** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुनाह में शाला स्तर पर मोगली बाल उत्सव निबंध प्रतियोगिता संपन्न हुई. प्राचार्य सूर्य प्रकाश विजयवर्गीय ने बताया स्कूल में पढ़ाई के साथ साथ शाला स्तर पर दो दिवसीय मोगली बाल उत्सव निबंध प्रतियोगिता कराई गई. इसमें कनिष्ठ वर्ग कक्षा 5 से 8 वीं एवं वरिष्ठ वर्ग कक्षा 9 से 12 वीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. प्राचार्य विजयवर्गीय ने बताया कि मोगली बाल उत्सव में प्रतिभागियों को पर्यावरण जागरुकता, जैव विविधता, जल संरक्षण ओर प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण विषयों पर प्रतियोगिता के माध्यम से 21 अगस्त को शाला स्तर से जनशिक्षा केंद्र स्तर के लिए चयनित छात्र जिला स्तर और राज्य स्तर पर 27 से 29 अक्टूबर 2025 की मोगली बाल प्रतियोगिता में भाग लेकर पुरस्कृत होंगे.

मोगली उत्सव बच्चों में पर्यावरण संरक्षण ओर जैव विविधता के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए अनेकों रोचक खेल ट्रैकिंग ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाते हैं.

# लघु उद्योग से हर हाथ को मिलेगा काम : कृषि मंत्री

▸ स्टार्टअप उद्यमी महाकुंभ 2025 का आयोजन

**जूनियर रिपोर्टर**
**भोपाल, 23 अगस्त. लघु उद्योग भारती मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित स्टार्टअप उद्यमी महाकुंभ 2025 का शुभारंभ शनिवार को गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित नवीन प्रदेश कार्यालय भवन में हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के कृषि मंत्री ऐदल सिंह ने किया.**

कृषि मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि लघु उद्योग और ग्रामोद्योग के विकास से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा, शहरी क्षेत्रों में छोटे उद्योगों के मज़बूत होने से प्रदेश में हर हाथ को काम मिल सकेगा. उन्होंने घोषणा की कि कृषि मंडी एक्ट से जुड़े उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए एक उच्चस्तरीय समिति बनाई जाएगी. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र ने कहा कि घर-घर मे उद्यमिता हमारे समाज विरासत रही है, लेकिन अंग्रेजियत ने इस विरासत को तोड़ा है, लघु उद्योग भारती का उद्देश्य इस विरासत को पुनर्जीवित कर देश को आत्मनिर्भर बनाना है.

प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि संगठन, लघु उद्यमियों और सरकार के बीच सेतु का कार्य कर रहा है, वही महामंत्री अरुण सोनी ने बताया कि प्रदेश के 55 जिलों में 105 इकाइयां सक्रिय रूप से कार्यरत है. इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष घनश्याम दास ओझा, उपाध्यक्ष तारा चंद्र गोयल, आरएसएस के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता सहित बड़ी संख्या मे उद्यमी एवं संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे महाकुंभ के अंतर्गत स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई.

# ठेका कर्मचारियों की समस्याओं पर सरकारें मौन : नायक

**वरिष्ठ संवाददाता**
**भोपाल, 23 अगस्त. मध्यप्रदेश में सरकारें बदलती रहीं, लेकिन ठेका कर्मचारियों की समस्याओं पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। यह आरोप सचिवालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक ने इस संवाददाता से बातचीत में लगाया.**

नायक ने बताया कि प्रदेश में इस समय ढाई लाख से अधिक ठेका कर्मचारी काम कर रहे हैं, जिनमें से एक लाख से ज्यादा अकेले मध्यप्रदेश विद्युत मंडल (एमपीईबी) में तैनात हैं. उन्होंने कहा कि अधिकांश कर्मचारी उच्च शिक्षित हैं और कई इंजीनियरिंग डिग्रीधारी हैं, लेकिन फिर भी उन्हें स्थायी कर्मचारियों के बराबर अधिकार और सुविधाएं नहीं मिलतीं. उन्होंने कहा कि कोरोना काल इसका बड़ा उदाहरण है जब स्थायी कर्मचारियों को मेडिकल और क्वारंटीन अवकाश मिला, लेकिन ठेका कर्मचारियों को इससे वंचित रखा गया.

महिला ठेका कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश का अधिकार तक नहीं है. वेतन में भी भारी असमानता है. स्थायी कर्मचारी जहां 30,000 रुपये मूल वेतन के साथ अन्य भत्ते पाते हैं, वहीं ठेका कर्मचारी को मात्र 12,000 रुपये मासिक मिलते हैं. नायक ने बताया कि ठेका कर्मचारियों की नौकरी बिल्कुल असुरक्षित है.

उन्हें कभी भी बिना नोटिस हटाया जा सकता है. हाल ही में टेली मेडिकल योजना में काम करने वाले 400 कर्मचारियों को अचानक हटा दिया गया, बिना किसी पूर्व सूचना के. उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में विभिन्न विभागों में दस साल से अधिक समय से काम कर रहे ये कर्मचारी अब भी असुरक्षा और उपेक्षा का सामना कर रहे हैं. सरकार को चाहिए कि उनकी सेवाओं का नियमितीकरण कर समान वेतन और सुविधाएं उपलब्ध कराए.

# नाटक टूटते परिवेश से बदलते समाज का चित्रण

**भोपाल, 23 अगस्त. बेटा मुझे बूढ़ा मानता है, बेटी कहती है मैं पुराने ख्यालों वाला हूं... पत्नी मुझे पति नहीं बस बच्चों का पिता मानती है... यह घर जिसे मैंने अपनी कमीज फाड़कर तैयार किया था अब वह मुझे ही नहीं पूछता है.... कुछ इसी तरह के संवेदनशील और मार्मिक संवादों से गूंज उठा भारत भवन का अंतरंग सभागार.**

मौका था बहुकला केंद्र में आयोजित मध्यप्रदेश रंगोत्सव नाट्य समारोह के अंतर्गत शनिवार को खेले गए नाटक टूटते परिवेश का. इस नाटक ने अपनी सशक्त प्रस्तुति और संवेदनशील विषयवस्तु के कारण दर्शकों के मन पर गहरी छाप छोड़ गया. प्रख्यात साहित्यकार विष्णु प्रभाकर द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन सरोज शर्मा ने किया.

# आज शहर में आठ सेवा केंद्रों पर लगेगा रक्तदान शिविर

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल, 23 अगस्त. ब्रह्माकुमारीज संस्था की ओर से देशभर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है.**

संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि के 18 वीं पुण्यतिथि पर भोपाल के 8 ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्रों पर रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा. शनिवार को ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र 65 विवेकानंद कॉलोनी अयोध्या बायपास रोड पर रक्तदान शिविर लगाया, इस शिविर का उद्घाटन प्राइम वे हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक आर डी मंडलोई, सेवा केंद्र की संचालिका मणि दीदी द्वारा किया गया. इस शिविर में सेवा केंद्र द्वारा 19 यूनिट का संग्रह किया गया.


## कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश
जिला कार्याय भोपाल (म.प्र.)
क्रमांक BPLLP24052537578/ दिनांक / 21/AUG/2025

क्र./1767 दिनांक 21/AUG/2025

**म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु।**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/ श्रीमती /मेसर्स **DEEPAK KUMAR KAPOOR** द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है :-

(क) **परियोजना का नाम** :- Oracle

(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक) :- पूर्व स्वीकृत ग्राम Misrod तहसील Kolar व जिला Bhopal की भूमि सर्वे कमांक/ खसरा क्रमांक 112/2/1/1, 112/2/1/2 कुल रकबा 1.416 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, PLOTTED HOUSING विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) **विकास का प्रयोजन** :- RESIDENTIAL, PLOTTED HOUSING

(घ) स्वीकृति क्रमांक 731/L.P/131/29(03)NA.GRA.NI/ZI.KA/2010-2012 दिनांक 2012-09-04

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता है, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection-aspx?RefApp=0jKV6q2cnO1767 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin-aspx पर किया जा सकता है।

**संयुक्त संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश**
**जिला भोपाल (म.प्र.)**


# बीएचईएल में हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता

**बीएचईएल संवाददाता**
**भोपाल, 23 अगस्त. हिंदी माह 2025 के अंतर्गत बीएचईएल, भोपाल में शनिवार का कर्मचारियों के लिए हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता के विषय उत्पादकता, गुणवत्ता, हिंदी और प्रबंधन रखे गए थे.**

इस आयोजन का उद्देश्य कार्यस्थल पर हिंदी के व्यापक प्रयोग और आधिकारिक भाषा के रूप में इसके प्रचार-प्रसार को प्रोत्साहित करना था. इस अवसर पर टी.यू. सिंह, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों का उत्साह देखना गौरव की बात है. बीएचईएल में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के योग्य कर्मचारी हैं. हमें दैनिक कार्यों में कठिन शब्दों की जगह सरल और बोलचाल की हिंदी का प्रयोग करना चाहिए.

ईमानदारी और सामूहिक प्रयास से हमें चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त कर कंपनी को आगे बढ़ाना है. विशिष्ट अतिथि के रूप में वी.वी. खरे, अतिरिक्त महाप्रबंधक (पीआरएम, टीजीएम एवं एफडीएक्स) उपस्थित रहे. उन्होंने कहा, हिंदी की सेवा ही भाषा की सेवा है. आधिकारिक भाषा कार्यक्रमों का उद्देश्य हिंदी के स्तर को बनाए रखना और उसे कार्यों में बढ़ावा देना है.

चूंकि हम 'का' क्षेत्र में आते हैं, इसलिए हमें अपने दैनिक कार्यों में हिंदी का प्रयोग बढ़ाना होगा. प्रतियोगिता में कुल 26 कृतियों का वाचन हुआ. निर्णायक मंडल में धर्मेंद्र सिंह सोलंकी (कलाकार, एलईएम), चंदन कुमार सिंह (कलाकार, क्यूटीआर) और पूनम साहू (प्रबंधक, राजभाषा) सम्मिलित थे. आयोजन ने कार्यस्थल पर हिंदी के प्रति रचनात्मकता और प्रतिबद्धता दोनों को रेखांकित किया.



# भाजपा प्रदेश प्रभारी ने किया पूजन

**भोपाल, 23 अगस्त.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने शनिवार को भोपाल में पैरा एथलीट चैंपियनशिप को संबोधित कर खिलाड़ियों का उत्सावर्धन किया. इसके बाद उन्होंने शनिचरी अमावस्या के पावन अवसर पर 1100 क्वार्ट्स हनुमान मंदिर के शनिधाम पहुंचकर भगवान शनिदेव के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. दर्शन के दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल उपस्थित रहे.


## आवश्यकता है

टूवीलर्स व फोर वीलर्स गाड़ियों के लिये टायर्स को निकालना व फिट करना, ब्हील बैलेसिंग तथा ब्हील एलाइटमेन्ट के लिये अनुभवी/ इच्छुक व्यक्तियों की आवश्यकता है भुगतान अनुभव व काम आधारित होगा।

**संपर्क - सी.के. चुघ**
**मो. 7000617165**


परिचर्चा | संघर्ष महामानव पुस्तक पर परिचर्चा में बोले अजातशत्रु, शर्मा और मथुरा

# सामाजिक न्याय, स्वतंत्रता ही अंबेडकर के जीवन का सार

**भोपाल, 23 अगस्त. बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन का सार तीन महत्वपूर्ण मूल्यों में निहित है सामाजिक न्याय, आत्मसम्मान और स्वतंत्रता. ये प्रत्येक व्यक्ति के जीवन के लिए अनिवार्य हैं.**

यह बात सेवानिवृत्त आईएएस अजातशत्रु श्रीवास्तव ने लेखक रमेश पतंगे द्वारा लिखित 'संघर्ष महामानव' पुस्तक पर आयोजित परिचर्चा में कही. यह कार्यक्रम भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ बाबूलाल गौर शासकीय महाविद्यालय, भेल एवं प्रज्ञा प्रवाह मध्यप्रांत द्वारा आयोजित किया गया. श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहेब के निधन को 70 वर्ष से अधिक हो गए हैं, लेकिन उनकी विचारधारा आज भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रेरणादायक है. उनके जीवन से हमें तीन प्रमुख सीख मिलती हैं संघर्ष, सम्यक शिक्षा और सामाजिक दृष्टिकोण. यदि हम बेहतर इंसान बनना चाहते हैं तो इन तीनों को अपनाना आवश्यक है.

प्रोफेसर अशोक शर्मा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन में उनकी पत्नी एवं महिला शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही.

डॉ. अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन में उनकी पत्नी रमाबाई अंबेडकर ने हर परिस्थिति में उनका साथ दिया. सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक संघर्षों के कठिन दौर में उन्होंने न केवल जीवनसंगिनी के रूप में, बल्कि प्रेरणास्रोत के रूप में भी उनका सहयोग किया. प्रो. शर्मा ने कहा कि महिला शक्ति का योगदान केवल पारिवारिक जीवन तक सीमित नहीं था, बल्कि डॉ. अंबेडकर के विचारों और कार्यों को बल देने में भी महत्वपूर्ण रहा.




### अंग्रेजों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को तोड़ा : मथुरा प्रसाद

उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक मथुरा प्रसाद ने कहा कि दलित समाज की पिछड़ी स्थिति के लिए केवल सामाजिक परंपराएं ही नहीं, बल्कि मुगलों और अंग्रेजों की नीतियां भी जिम्मेदार थीं. उन्होंने बताया कि बाबा साहेब के पिता ने उन्हें धर्म, संस्कृति और संस्कार की शिक्षा दी थी. बाबा साहेब ने राजनीतिक और सामाजिक अधिकारिता के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए. उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को तोड़कर भारतीय संसाधनों का शोषण किया और ब्रिटेन को समृद्ध बनाया. बाबा साहेब का आर्थिक चिंतन आज भी प्रासंगिक है.

# सौ युवतियों ने बनाए माटी के गणेशजी

**नवभारत रिपोर्टर**
**भोपाल.** राजधानी में मिट्टी के गणेश निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन ईदगाह हिल्स स्थित सिंधी कम्युनिटी हॉल किया गया. पर्यावरण संरक्षण के लिए सिंधु सेना और सिंधी पंचायत नानक टेकरी द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया. मंडल द्वारा निशुल्क सामग्री उपलब्ध कराई गई. जिसमें 100 से अधिक युवतियों ने मिट्टी के गणेश बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया. इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का संदेश देते हुए टैंक पर विराजित गजानन महाराज की प्रतिमा तैयार की गई. अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण की महत्वता बताने के ग्रीन गणेश निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि हम पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक होने निर्वहन करें.


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, भवन नियंत्रक विधानसभा
## राजधानी संभाग क्र.-3, लोक निर्माण विभाग
ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, फोन- 0755-2463894

## निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों (ठेकेदारों की श्रेणी कॉलम में उद्धृत अनुसार) से आमंत्रित की जाती हैं. कार्य की निविदाएं पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में प्राप्त की जा सकती हैं. विभाग किसी भी प्रकार के डाक विलंब के लिए उत्तरदायी नहीं रहेगा.

| क्र. | एन.आई.टी क्र. | कार्य का नाम | 1. कार्य की अनुमानित लागत 2. अमानत राशि | कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं अंतिम दिनांक | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्राप्ति का दिनांक एवं कार्यालय | निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक एवं कार्यालय | 1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 1. ठेकेदारों की श्रेणी 3. आमंत्रण क्र. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 37/25-26/ व.ले.लि. दि. 22/8/2025 | विधायक विश्राम गृह में वार्षिक संधारण के अंतर्गत नवीन पारिवारिक खंड क्र. एन-1 एवं एन-2 हेतु विद्युत केबल बिछाने का कार्य. | 1. रु. 9,96,404.00 2. रु. 19929.00 | 1. 29/8/2025 सायं 5.30 तक | रु. 2000 | 1. 1/9/2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक. 2. कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र. 3 लो.नि.वि. भोपाल | 1. 1/9/2025 अपरान्ह 3.30 बजे. 2. कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र. 3 लो.नि.वि. भोपाल | 1. 6 माह 2. केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली 3. प्रथम आमंत्रण |
| 2. | 38/25-26 व.ले.लि. दि. 22/8/2025 | विधायक विश्राम गृह में वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत जनरल पेस्ट कंट्रोल डिस्इन्फेक्शन ट्रीटमेंट कार्य. | 1. रु. 7,92,720.00 2. रु. 15854.00 | --तदैव-- | रु. 2000 | --तदैव-- | --तदैव-- | 1. 12 माह --तदैव-- --तदैव-- |
| 3. | 39/25-26 व.ले.लि. दि. 22/8/2025 | विधायक विश्राम गृह में वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत खंड-2, एन-1, एन-2 एवं एलोपैथी डिस्पेन्सरी का संधारण कार्य. | 1. रु. 9,88,000.00 2. रु. 19760.00 | --तदैव-- | रु. 2000 | --तदैव-- | --तदैव-- | 1. 12 माह --तदैव-- --तदैव-- |
| 4. | 40/ 25-26 व.ले.लि. दि. 22/8/2025 | विधानसभा भवन में वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत मीडिया सेंटर टेरेस गेट के बाहरी क्षेत्र का सुधार, संधारण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य. | 1. रु. 9,88,000.00 2. 19760.00 | --तदैव-- | रु. 2000 | --तदैव-- | --तदैव-- | 1. 06 माह --तदैव-- --तदैव-- |
| 5. | 41/ 25-26 व.ले.लि. दि. 22/8/2025 | विधानसभा भवन में ई-विधान के अंतर्गत सर्वर रूम से सदन तक बॉक्सिंग आदि के लिए पेनलिंग, फाल्स, कालम्न एवं अन्य कार्य. | 1. रु. 9,82,029.00 2. 19641.00 | --तदैव-- | रु. 2000 | --तदैव-- | --तदैव-- | 1. 06 माह --तदैव-- --तदैव-- |

1. कोरे निविदा प्रपत्र निर्धारित राशि का भुगतान कर कार्यालय कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र. 3 लो.नि.वि. भोपाल से कार्यालयीन समय में प्राप्त किए जा सकते हैं. उक्त राशि वापसी योग्य नहीं है. 2. निविदा की वैधता खोले जाने की दिनांक से 120 दिन तक की होगी. 3. यदि निविदा प्राप्त होने/ खोलने का दिवस शासकीय अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही संपादित की जावेगी. 4. निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करते समय निर्धारित आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है. यदि निर्धारित दस्तावेज ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो उसकी निविदा खोली नहीं जावेगी. (i) म.प्र. लो.नि.वि में उपयुक्त श्रेणी में वैध पंजीयन (ii) पैन कार्ड (iii) नो रिलेशन सर्टिफिकेट (iv) जीएसटी पंजीयन (v) निविदा प्रपत्र अनुसार शपथ पत्र (vi) ई.पी.एफ. पंजीयन. (5) कार्य की अन्य शर्तों के बावत् जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है.

**कार्यपालन यंत्री**
**भवन नियंत्रक विधानसभा**
**राजधानी संभाग क्र. 3, लोक निर्माण विभाग**
**ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, फोन- 0755-2463894**

G17619/25